## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर धरना, रैली, प्रदर्शन, सभा व जुलूस 5 अप्रैल तक रहेंगे प्रतिबंधित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यशवंत कुमार ने कोरोना वायरस के संक्रमण की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में उन्होंने जिले में किसी भी प्रकार के धरना, रैली, प्रदर्शन, सभा व जुलूस आदि को जनहित के लिए 5 अप्रैल 2020 तक प्रतिबंधित किया है। यदि किसी परिस्थिति में धरना, रैली, प्रदर्शन, सभा व जुलूस आदि की आवश्यकता हो तो कलेक्टर की अनुमति लेना अनिवार्य है। अनुविभाग, तहसील, विकासखण्ड स्तर में धरना, रैली, प्रदर्शन, सभा, जुलूस आदि की आवश्यकता हो तो इसके लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर की अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही नियत किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री 15 मार्च को मध्यप्रदेश के सतना जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 15 मार्च को मध्यप्रदेश के सतना जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर से सवेरे 10 बजे विमान द्वारा रवाना होकर 11 बजे रीवा पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा 11.35 बजे सतना आकर कार द्वारा नकटीगांव के लिए रवाना होंगे। बघेल नकटीगांव में 11.50 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर एक बजे सतना जिले के नागौद तहसील के खैरवा गांव में और दोपहर 2 बजे ग्राम सिंहपुर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। बघेल अपरान्ह 3.15 बजे सतना आएंगे और वहां से 3.50 बजे रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4 बजे रीवा से रवाना होकर 5 रायपुर लौट आएंगे।

### मुख्यमंत्री ने मिनीमाता जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद और समाज सेविका मिनीमाता की जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने मिनीमाता को याद करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त छुआछूत, गरीबी, अशिक्षा तथा पिछड़ापन दूर करने के लिए मिनीमाता ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। नारी शिक्षा, मजदूरों के कल्याण के लिए काम करने के साथ-साथ उन्होंने कई सामाजिक बुराईयों के खिलाफ आवाज उठाई। श्री बघेल ने कहा कि मिनीमाता के सेवाभावी, कर्मठ और प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर पूरे छत्तीसगढ़ को गर्व है।

### प्रदेश भर के सिनेमाघर एवं मल्टीप्लेक्स 31 मार्च तक बंद रहेंगे

» राज्य सरकार ने जारी किया आदेश

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के चलते राज्य सरकार ने प्रदेश भर के सभी सिनेमाघरों एवं मल्टीप्लेक्स को 15 मार्च से 31 मार्च तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह आदेश वाणिज्यिक कर विभाग के अवर सचिव मरियानुस तिग्गा ने जारी किया है।

### दिव्यांगजनों ने किया ऋण का पूरा भुगतान : मिली 6.46 लाख रूपए की छूट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम ने छह जिलों के 81 दिव्यांगजनों द्वारा ऋण का पूरा भुगतान करने पर उन्हें 6 लाख 46 हजार रूपए की छूट स्वीकृत की है। यह छूट दिव्यांगजनों को उत्थान सब्सिडी योजना के तहत प्रदान की गई है। इनमें जशपुर जिले के 51, कबीरधाम जिले के 19, मुंगेली जिले के 4, रायपुर जिले के 4, सुकमा जिले के 2 और गरियाबंद जिले के एक दिव्यांग शामिल है। उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा दिव्यांगजनों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृत किया गया था। जिसकी अदायगी उनके द्वारा कर दी गई है। योजना के तहत नियमित ऋण पटाने वाले हितग्राहियों को पूर्ण अदायगी के बाद उनके द्वारा पटाई गई मूलधन एवं ब्याज की राशि से ब्याज की राशि का 25 प्रतिशत उत्थान सब्सिडी के रूप में प्रदान किया जाता है।

# कृषि मंत्री ने किया बेमेतरा जिला में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन

रायपुर। कृषि एवं जलसंसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने आज बेमेतरा जिले केशिवघाट(देवकर), सोनपांडर, तुमडीपार, साजा एवं बरगा ग्राम मे विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया।



सर्वप्रथम कृषि मंत्री ने देवकर के शिवघाट एनीकट का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने एनीकट से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनीकट के बनने से गांव के कृषकों को सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। इसके पश्चात् कृषि मंत्री ने सोनपांडर बरगांव एनीकट का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि यहां की जनता बहुत लंबे समय से एनीकट का मांग कर रहे थे और वह अब जाकर पूर्ण हुआ। इसका लाभ सभी गांव के सभी किसानों को होगा तथा नदी के किनारे बसने वाले गांव लाभान्वित होंगे। इसके बाद कृषि मंत्री ने तुमड़ीपार गांव मे भी एनीकट का भूमिपूजन किया।

कृषि मंत्री साजा क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के मजबूतीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्य के भूमिपूजन मे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कोदवा, गाड़ाडीह, सहसपुर, ठेलका, भरदा, मौहाभठा-देऊरगांव मार्ग, मौहाभठा -मोहतरा, जामगांव-पेन्ड्रावन मार्ग के सड़को का मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास की गति में सड़कों के निर्माण से तीव्र होगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष साजा श्री दिनेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा श्री आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग डी.सी.जैन, अधिक्षण अभियंता समीर जार्ज, कार्यपालन अभियंता कुलदीप नारंग उपस्थित थे।

## अवैध शराब परिवहन पर भूपदेवपुर पुलिस की कार्यवाही

» आरोपी से 30 पाव अंग्रेजी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना भूपदेवपुर में दिनांक 14.03.2020 को पदस्थ प्रधान आरक्षक सुमन चौहान एवं हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम लोढाझर में आरोपी कांशीलाल उर्फ गब्बर पिता पुनीराम साहू उम्र 50 वर्ष साकिन लोढाझर को बिना नम्बर मोटर सायकल बजाज सीटी100 में झोला पर 30 पाव अंग्रेजी शराब गोवा किमती 2400 रूपये अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़े। आरोपी के विरूद्ध थाना भूपदेवपुर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।





## घर के बरामदा में खडी ट्रेक्टर में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार में दिनांक 14.03.2020 को मालिकराम खडिया पिता राम प्रसाद खडिया उम्र 66 वर्ष निवासी झरना द्वारा घर के बरामदे में खड़ी इसके निजी ट्रेक्टर पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा देने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि मेरी निजी ट्रेक्टर सीजी13 रु 2293 घर के बरामदा में खडी थी कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिनांक 14.03.2020 रात्री लगभग 01.30 से 02.00 बजे बीच में ट्रेक्टर के इंजन में आग लगा दिया गया हैं जिस कारण इंजन का कई पाटर्स क्षतिग्रस्त हो गया तथा आग घर में लगने से बच गया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में अप.क्र. 99/2020 धारा 435 भादंवि दर्ज किया गया है।




## चीन से जिले में वापस आये नागरिकों को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया- कलेक्टर यशवंत कुमार

» इस बीमारी से डरने या घबराने की जरूरत नहीं

» बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी रखें सभी नागरिक



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने बताया कि विश्व में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए चीन एवं अन्य देशों से भ्रमण कर जिले में वापस आये 12 नागरिकों को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है और वे सभी स्वस्थ हैं। कलेक्टर ने कहा है कि इस बीमारी से डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। सावधानी ही बचाव का सबसे अच्छा कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी रखें।

## परीक्षा के भय से छात्रावास से भगे बालक को खोज निकाली खरसिया पुलिस

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना खरसिया में दिनांक 08.03.2020 को तहसील खरसिया अंतर्गत प्रीमैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बरगढ़ से दिनांक 04.03.2020 को 14 वर्षीय बालक के छात्रावास से कहीं चले जाने की रिपोर्ट थाने में बालक के पिता द्वारा दर्ज कराया गया था।

परिजनों को आशंका थी कि बालक को किसी व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।



बालक के पिता के रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अपराध क्रमांक 127/2020 धारा 363 भा.द.वि. दर्ज कर प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए बालक की पसासाजी हेतु थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहू द्वारा थाने के प्रधान आरक्षक राजेश दर्शन एवं आरक्षक प्रदीप तिवारी, धनंजय कशयप की टीम तैयार कर बालक की पतासाजी का निर्देश दिए, पुलिस स्टाफ द्वारा लगातार बालक की पतासाजी की जा रही थी जिसे आज दस्तयाब किया गया, बालक से पूछताछ करने में बताया कि पढ़ाई में काफी कमजोर होने से फेल हो जाने के डर से छात्रावास से भाग गया था बालक को उसके पिता के सुपुर्द किया गया है।

# राजधानी रायपुर में 23 को होगा डाक अदालत का आयोजन

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय डाक विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार 23 मार्च को सवेरे 11 बजे डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

डाक अदालत यहां स्टेशन रोड स्थित रायपुर संभाग के प्रवर डाक अधीक्षक कार्यालय (उपडाकघर गंज, रायपुर) के परिसर में प्रथम तल पर आयोजित की जाएगी। रायपुर संभाग के प्रवर डाक अधीक्षक श्री हरीश कुमार महावर ने आज यहां बताया कि डाक अदालत में डाकघरों की सेवाओं से संबंधित ग्राहकों और आम नागरिकों की शिकायतों पर उनसे प्रत्यक्ष चर्चा की जाएगी और उनकी शिकायतों का उचित निराकरण किया जाएगा।

डाक अदालत मेंपेंशन तथा डाक सेवाओं के अंतर्गत डाक सामाग्री के वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजना (आरडी, बचत बैंक और बचत पत्र आदि), रजिस्ट्री, मनीआर्डर, व्हीपी पार्सल, डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। प्रवर अधीक्षक श्री महावर ने बताया कि डाकघरों की इन सेवाओं को लेकर अगर कोई शिकायत हो तो संबंधित नागरिक अथवा ग्राहक अपना आवेदन डाक अदालत की आयोजन से पहले मंगलवार 18 मार्च को शाम 5 बजे तक संपूर्ण विवरण के साथ उनके कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं ताकि उनका उचित निराकरण करते हुए 23 मार्च को डाक अदालत में उन्हें इसकी जानकारी दी जा सके।




» डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतों का होगा निराकरण

» आरोपी गिरफ्तार, लैलूंगा थाना क्षेत्र की घटना

## नाबालिग से दुष्कर्म, डॉयल 112 को इवेंट मिलने पर आरोपी को पकड़ लायी थाने

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना लैलूंगा में दिनांक 13.03.2020 को 17 वर्षीय बालिका द्वारा ग्राम पंगसुवा के पियुस नागवंशी द्वारा शादी करने का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

पीडिता ने बतायी कि इसके गांव में पियुस नागवंशी की नानी रहती है, पियुस को करीब 02 साल से जानती पहचानती है। दिनांक 11/03/2020 के रात्रि पियुस नागवंशी बालिका के घर आया और शादी करूंगा कहकर बहला फुसलाकर अपने नानी के घर ले जाकर जबरन बलात संभोग किया और सुबह घर लाकर छोड दिया। दूसरे दिन शाम को फिर पियुस अपनी नानी के घर ले गया था, जहां से पिताजी लेकर आये। बालिका के पिता द्वारा दिनांक 13.03.2020 की रात्रि डॉयल 112 को कॉल कर चाईड अफेंस का इवेंट दिया गया। जिस पर लैलूंगा राइनो की ईआरव्ही में कार्यरत आरक्षक बिरबल टोप्पो एवं वाहन का चालक प्रेम लकड़ा बालिका के गांव जाकर आरोपी को पकड़कर थाना लाये। बालिका अपने पिता के साथ थाना आकर रात्रि में ही आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।



रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में आरोपी पियूष नागवंशी पिता गंगाराम नागवंशी उम्र 20 साल निवासी पंगसुवा थाना पत्थलगांव जिला जसपुर के विरुद्ध अप.क्र. 45/2020 धारा 376 ता0हि0 4,6, पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## मुख्यमंत्री बघेल से अघरिया समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

**रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष महासमुंद श्रीमती उषा पटेल के नेतृत्व में अखिल भारतीय अघरिया समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की।**



मुख्यमंत्री श्री बघेल को प्रतिनिधि मंडल द्वारा महासमुंद जिले के बसना विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पैंता में 5 अप्रैल को समाज के केन्द्रीय महासभा के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए न्यौता दिया गया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती गेस मोती पटेल, उपाध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम पटेल, कोषाध्यक्ष श्री द्वारिका पटेल, महिला संयोजिका (अंचल) श्रीमती सावित्री पटेल, प्रवक्ता श्री सेतराम पटेल और श्री अमर सिंह पटेल, श्री नरेश्वर पटेल सैलानी तथा श्री सुशील पटेल आदि शामिल थे।

## नवा रायपुर में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास निर्माण की प्रगति का जायजा लिया

रायपुर। लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने आज नवा रायपुर के सेक्टर-24 में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री आवास और मंत्रियों के आवास निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। सेक्टर 24 में आवासों के प्लिंथ एरिया का कार्य पूर्ण होने के साथ ही भू-तल छत का 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, बाकि कार्य प्रगति पर है। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास निर्माण की विस्तृत ड्राइंग का अध्ययन किया और विभागीय अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव लोक निर्माण श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, प्रमुख अभियंता श्री डी.के. अग्रवाल एवं मुख्य अभियंता श्री एस.के. शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु बस संचालकों की हुई बैठक

» जिला परिवहन अधिकारी ने बस संचालकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जिला परिवहन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने समस्त बस संचालकों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने समस्त बस संचालकों को जन-जागरूकता की दृष्टि से बसों में बेहतर साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। साथ ही छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम के प्रावधानों के तहत लोक सेवा यानो में राज्य के संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा अनुमोदित कीटनाशी द्रव्य के द्वारा संक्रमण को रोका जाना सुनिश्चित करें।

## एम्स में अब तक 38 संदिग्ध सैंपल टेस्ट,किसी में भी नहीं मिला कोरोना वायरस

**रायपुर (आरएनएस)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में छत्तीसगढ़ के छह जिलों से अब तक कोरोना वायरस के संदिग्ध 40 सैंपल परीक्षण लैब में भेजे गए हैं और इनमें से किसी में भी कोरोना वायरस नहीं पाया गया है। इनमें से सबसे अधिक 24 सैंपल रायपुर से आए हैं। एम्स के चिकित्सकों ने राज्य के सभी लोगों से एहतियात बरतने और बिल्कुल भी न घबराने का अनुरोध किया है। कुछ सावधानियों के साथ इस स्थिति को भविष्य में भी बनाया रखा जा सकता है। एम्स में भेजे गए सैंपल में एक-एक दुर्ग, बिलासपुर, दंतेवाड़ा और जांजगीर का है। दो सूरजपुर के सैंपल भी कोरोना वायरस जैसे लक्षण पाए जाने पर परीक्षण के लिए भेजे गए थे।

## कृषि के साथ पशुपालन को बढ़ावा देने से बढ़ेंगे आर्थिक अवसरः कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धमधा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनुसूचित जाति उपयोजना अन्तर्गत ''बकरी पालन में उद्यमिता विकास एवं बकरी इकाई वितरण कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने छत्तीसगढ़ में पशुधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बकरी पालन के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि बकरी पालन के माध्यम से कृषक आर्थिक सक्षमता की ओर अग्रसर होंगे तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय के द्वारा पशुधन विकास की दिशा मे किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री चौबे ने हितग्राहियों को बकरी ईकाई, पशुचारा, पशु औषधि आदि का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. एन. पी. दक्षिणकर सहित पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-